संचिका सं0-पी0एम0यू0/बी0सी0डी0-14/2016.....11848(ग)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

सचिव,
विधि विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 7/12/16

विषय:- भवन निर्माण विभाग के माध्यम से विधि विभाग द्वारा आवंटित कार्यो की अद्यतन समीक्षात्मक टिप्पणी के संबंध में।

प्रसंग:- विभागीय पत्रांक 10989(भ)अनु0 दिनांक 10.11.2016

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के क्रम में कहना है कि विधि विभाग के माध्यम से कियान्वयन हेतु **185** योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यो की माह अक्टूबर, 2016 तक की प्रगति की स्थिति निम्नवत है:-

(1) **भौतिक प्रगति:-**

- कुल **185** योजनाओं में से **116** योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है, जिसका विवरण अनुलग्नक के परिशिष्ट **'क'** पर द्रष्टव्य है।
- **27** कार्य प्रगति में है, जिसकी विवरणी परिशिष्ट **'ख'** पर द्रष्टव्य है।
- **26** योजनाएं निविदा/प्राक्कलन/मिट्टी जांच के चरण में है, जिसकी विवरणी परिशिष्ट **'ग'** पर द्रष्टव्य है।
- **08** योजनाओं के लिए स्थल समस्या है एवं **05** का कार्य स्थगित है, जिसकी विवरणी परिशिष्ट **'घ'** पर द्रष्टव्य है।
- **03** योजनाओं का कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी विवरणी परिशिष्ट 'च' पर द्रष्टव्य है।

(2) **वित्तीय प्रगति:-**

- वित्तीय वर्ष 2016-17 में माँग संख्या-3 में कुल ₹30367.00 लाख का बजट उपबंध है, जिसके विरूद्ध ₹2933.77 लाख रुपये का व्यय किया जा चुका है।

(3) **प्रशासी विभाग के ध्यानाकर्षण हेतु मुख्य मुद्दे:-**

- पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति हेतु लंबित योजनाओं पर शीघ्र पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए।
- जिन योजनाओं के लिए स्थल अनुपलब्ध है, उनमें शीघ्र स्थल उपलब्ध कराया जाए।

- इस वित्तीय वर्ष में 20.00 करोड़ रूपये के अतिरिक्त आवंटन की आवश्यकता माननीय उच्च न्यायालय विस्तारीकरण कार्य के लिए होगी। तदनुसार अतिरिक्त निधि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

(4) **अनुश्रवण एवं मूल्यांकन की व्यवस्था**

- भवन निर्माण विभाग के स्तर पर आपके विभाग की योजनाओं के अनुश्रवण के लिए श्री रविन्द्र नाथ प्रसाद, उपनिदेशक-1 को दायित्व दिया गया है। जिनका ई-मेल dd1.bcd@gmail.com तथा मोबाईल नं0 9431049735 है।
- भवन निर्माण विभाग द्वारा Project Management Information System विकसित किया गया है, जो विभाग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। इस अनुश्रवण व्यवस्था में सभी योजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय स्थिति Upload करायी जा रही है। आपसे अनुरोध है कि प्रशासी विभाग के स्तर से भी योजनाओं की प्रतिवेदित भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जाए। इस क्रम में किसी बिन्दु पर इस विभाग के स्तर से कार्रवाई अपेक्षित हो तो कृपया अवगत कराया जाए।
- उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय पदाधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में भी इस समीक्षा टिप्पणी में अंकित बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी। उस बैठक में अद्यतन विवरणी के साथ स्वयं या नोडल पदाधिकारी को भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्ति करने की कृपा की जाए।
- विभाग द्वारा विकसित **PMIS** पर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रशासी विभाग भवन निर्माण के वेबसाईट पर जाकर **आईडी-LAW एवं पासवर्ड-LAW** का उपयोग कर विधिवत जानकारी लिया जा सकता है।

अनु0:-यथोक्त।

विश्वासभाजन

(अमृत लाल मीणा)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक- पी0एम0यू0-बी0सी0डी0-14/2016..11848(1)..पटना, दिनांक 7/12/16

प्रतिलिपि:- संयुक्त सचिव/निदेशक(अनु0), भवन निर्माण विभाग एवं आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/11/16

अभियन्ता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव।